Regarding Need to establish a Government Medical college and Hospital in Chatra district, Jharkhand-Laid

श्री काली चरण सिंह (चतरा) **:** सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । चतरा, झारखंड, एक पिछड़ा एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है । इस क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक एवं विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रांची, हजारीबाग, या अन्य दूरस्थ शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे गरीब एवं ग्रामीण जनसंख्या को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । झारखंड सरकार द्वारा कई जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई है, किंतु चतरा अब तक इस सुविधा से वंचित है । यदि यहां एक सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना की जाती है, तो इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को चिकित्सा क्षेत्र में शिक्षा एवं रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे । इसलिए, मैं सरकार से मांग करता हूं कि चतरा जिले में शीघ्रातिशीघ्र एक सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे इस क्षेत्र की जनता को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं एवं युवाओं को उज्ज्वल भविष्य मिल सके ।